भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2878

उत्तर देने की तारीख 19 दिसंबर, 2024
28 अग्रहायण, 1946 (शक)

वर्ष 2036 ओलंपिक खेलों और पैरालंपिक की मेजबानी के लिए बोली

2878. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को वर्ष 2036 ओलंपिक खेलों और पैरालंपिक्स के आयोजन हेतु अपनी रूचि की अभिव्यक्ति की है;

(ख) ओलंपिक खेलों के आयोजन से किस सीमा तक आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा;

(ग) वर्ष 2036 ओलम्पिक के अन्य दावेदार कौन हैं और भारत उनके समक्ष कहां खड़ा है; और

(घ) क्या भारत ने ओलम्पिक के लिए किसी मेजबान शहर की घोषणा की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): भारत में ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाने का उत्तरदायित्व भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का है। 01.10.2024 को आईओए ने 2036 में भारत में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को आशय पत्र जारी किया। इस प्रकार की बड़ी खेल स्पर्धाओं के आयोजन से खेलों को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों की गति तेज होती है, जिसमें जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं का पोषण करना, स्वस्थ जीवन शैली को प्रेरित करना, खेलों में भागीदारी को प्रोत्साहित करना, युवाओं को खेलों में शामिल होने के अवसर प्रदान करना और पीढ़ियों के लिए आर्थिक विरासत बनाना शामिल है।

(ग) और (घ): ओलंपिक का आवंटन आईओसी द्वारा निर्धारित एक विस्तृत मेजबान चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें इच्छुक राष्ट्रीय ओलंपिक समितियां (एनओसी) आईओसी के साथ डायलॉग शुरू करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप विस्तृत डायलॉग होता है और फिर आईओसी के भावी मेजबान आयोग के साथ डायलॉग होता है। इसके बाद, आईओसी कार्यकारी बोर्ड चुनाव करवाता है और आईओसी सदस्य ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए मतदान करते हैं।

*****